राष्ट्रीय सेवा योजना

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

पत्रांकः177 / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2021–22 दिनांकः 13.03.2022

सेवा में,

प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना),
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय–वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः वित्तीय वर्ष–2021–22 में रा0से0यो0 के स्वयंसेवको के पंजीकरण फार्म, शुल्क, वार्षिक कैलेण्डर प्रारुप–3, विशेष शिविर सूचना सम्बन्धित प्रारुप–4, सदस्यता सूची, विशेष शिविर सूची, अनुदान खाता की सूचना, प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी का विवरण तथा 21 कालम का स्वयंसेवको का डाटा रिपोर्ट जमा किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्र संख्या–122 / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2021–22, दिनांक–20.01.2022 एवं पत्र संख्या–134 / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2021–22 दिनांक–15.02.2022 तथा पत्र संख्या–165 / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2021–22 दिनांक–25.02.2022 के द्वारा आप को निर्देशित किया गया था कि रा0से0यो0 की अवांटित इकाइयों के स्वयंसेवको का चयन कर पंजीकरण फार्म, शुल्क, वार्षिक कैलेण्डर प्रारुप–3, विशेष शिविर सूचना सम्बन्धित प्रारुप–4, सदस्यता सूची, विशेष शिविर सूची, अनुदान आहरण खाता की सूचना, प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी का विवरण तथा 21 कालम का स्वयंसेवको का डाटा मेलकर मेल रिपोर्ट दिनांक–05.03.2022 तक जमा कर दिया जाय, किन्तु आप द्वारा सम्बन्धित प्रपत्र अभी तक जमा नही किया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि जिन महाविद्यालयों द्वारा उक्त प्रपत्र अभी तक जमा नही किया गया है, ऐसे महाविद्यालय अन्तिम रुप से प्रपत्र दिनांक–16.03.2022 तक अवश्य जमा कर दें अन्यथा दिनांक 16.03.2022 के बाद रा0से0यो0 सम्बन्धित प्रपत्र प्राप्त नही किया जायेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि उपर्यांकित प्रपत्रों को विश्वविद्यालय में जमा करने के उपरान्त ही दिनांक 22.03.2022 से 28.03.2022 तक सम्पन्न होने वाले विशेष शिविर की सूचना समस्त सम्बन्धित को प्रेषित की जाय। अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होंगे।

भवदीय

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष कार्याधिकारी माननीय कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ आशुलिपिक वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल नं0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ–226064 उ0प्र0।
5. डॉ0 अंशुमालि शर्मा, विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा(रा0से0यो0को0)विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
6. प्रभारी वि0वि0 वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को वि0वि0 वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

डॉ0 (राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक